प्रसारण तिथि : 18.09.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल लखनऊ समेत देश के 45 स्थानों पर आयोजित 20वें रोज़गार मेले को वर्चुअली करेंगे संबोधित : केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर की बैठक : सरकारों, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग औऱ स्थानीय निकायों के बीच बेहतर समन्वय पर दिया जोर।
3. उत्तर प्रदेश को भूजल स्रोतों की गुणवत्ता और स्थिति की निगरानी में देशभर में मिला पहला स्थान : 45 हज़ार 361 स्रोतों की जांच पूरी कर हासिल किया 94 दशमलव तीन नौ प्रतिशत का लक्ष्य। और
4. मथुरा में कल श्रद्धा औऱ उल्लास के साथ मनाया जाएगा राधाष्टमी का पर्व : देश–विदेश से आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए किए गए व्यापक इंतज़ाम।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल लखनऊ समेत देश के 45 स्थानों पर आयोजित 20वें रोज़गार मेले का वर्चुअली संबोधित करेंगे। इस दौरान विभिन्न सरकारी विभागों और

संगठनों में भर्ती हुए युवाओं को 51 हज़ार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपें जाएंगे। एक रिपोर्ट.....

*रोज़गार मेले के दौरान श्री मोदी कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह मौजूद रहेंगे। नवनियुक्त उम्मीदवार भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में शामिल होंगे, जिनमें राजस्व विभाग, रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग तथा रक्षा मंत्रालय शामिल हैं। वहीं प्रदेश सरकार की ओऱ से कल लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 21 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे, जबकि शेष 797 अभ्यर्थियों को विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।*

———————

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दिल्ली–राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर बैठक की। बैठक में एनसीआर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से किए जा रहे उपायों, अब तक हुई प्रगति और आगामी कार्य योजना की समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से एनसीआर से जुड़े जनपदों में प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों पर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। साथ ही केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग–सीएक्यूएम और स्थानीय निकायों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। बाइट.....

*एयर पोलूशन को लेकर के सभी नगर निगम जो एनसीआर के हैं, उधर हमने विस्तृत कार्य योजना तैयार कराई है। पिछले दिसंबर से अभी तक लगभग 30 से ज्यादा बैठकों का आयोजन किया है और अब राज्य अनुसार जो सिटी स्पेसिफिक प्लान है उसपे भी कार्यवाही की गई है। पिछले दिनों एनसीआर के जो 63 छोटे–छोटे शहर आते थे, नगर निगम उनके भी जो पंचायत के जनपद के अध्यक्ष हैं, पंचायत अध्यक्ष हैं, नगरपालिका के चेयरमैन हैं, नगर निगम के मेयर हैं, उनके साथ हमने भी बैठक करी और अभी हमने निर्देशित भी किया है। इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।*

बैठक में आगामी सर्दियों के दौरान प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रभावी, समयबद्ध और समन्वित कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा हुई।

————————

प्रदेश में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में सेवा संकल्प महोत्सव–2026 आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में केंद्र सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं और देश–प्रदेश में हुए सकरात्मक बदलाव की कहानी को सरल और संगीतपूर्ण नाटक के माध्यम से शहरों और गाँवों तक पहुचाया जाएगा। प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक विधान सभा में कम से कम 30 स्थानों पर नुक्कड़ नाटक कराये जाने का प्रस्ताव है, जबकि जिसमें 10 विशिष्ट स्थलों, 98 जनपद स्तरीय स्थलों और 826 ब्लॉक स्तरीय स्थलों पर थीम पर आधारित रंगोली बनायी जायेगी। इसी क्रम में हापुड़ में 'सेवा संकल्प अभियान के तहत , मेरे सपनों का भारत चित्र सेवा कार्यक्रम

का आयोजन किया गया। इसके अलावा स्वच्छता अभियान और सघन वृक्षारोपण भी किया गया।

—————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन सेवा से देश सेवा के मंत्र और निरंतर प्रतिबद्धता से परिभाषित सार्वजनिक सेवा के 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। सेवा और सुशासन के इसी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, सरकार 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। आकाशवाणी समाचार सेवा संकल्प अभियान पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज जानेंगे कि कैसे वक्फ कानून में 2025 में किये गए संशोधन ने वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी बनाकर वक्फ संपत्तियों को संरक्षित करने के साथ ही उनके दुरुपयोग पर रोक लगाई है। एक रिपोर्ट.....

*वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 में सरकारी जमीन पर किसी भी दावे की जांच अब ज़िलाधिकारी से वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की जाएगी, और पहलीबार हाईकोर्ट में अपील का प्रावधान भी खोला गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वक्फ कानून में किए गए संशोधन को मुस्लिम समाज के हित उठाया गया कदम बताया। बाइट.....*

*मैं देश की संसद को सर्व समाज के हित में मुस्लिम समाज के हित में एक शानदार कानून बनाने के लिए बधाई देता हूं। आप वक्फ की पवित्र भावना की भी रक्षा होगी और गरीब पसबंदा मुसलमान महिला बच्चे सबके हक भी महफूज रहेंगे।*

*उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली ज़ैदी ने कहा कि वक्फ कानून में संशोधन से मुस्लिम महिलाओं और यतीमों का सशक्तिकरण हुआ है। बाइट.....*

*वह संपत्तियों के और बेहतर संरक्षण और बेहतर रखरखाव और खास करके आम जनता को जो बेनिफिशरी हैं व खास के महिलाएं हैं, यतीम हैं, बेवा हैं, उनके लिए जो है इसके अंदर जो है बहुत अच्छी एक सोच रखें इसको जो है इसमें संशोधन किया गया है।*

*वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 लागू होने के बाद वक्फ़ संपत्तियों का संरक्षण बढ़ा है और आम जनमानस को इससे फायदा पहुंच रहा है। मुमताज़ अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

————————

**भूजल स्रोतों की गुणवत्ता और स्थिति की निगरानी को लेकर किए जा रहे परीक्षण कार्य में उत्तर प्रदेश ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। एक रिपोर्ट.....**

*जांच के अंतर्गत राज्य और जिले स्तर की प्रयोगशालाओं से प्रदेशभर में भूजल स्रोत, भूमिगत व ओवरहेड टंकी समेत पानी के अन्य स्रोतों की पड़ताल की गई है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग नेवित्तीय वर्ष 2026–27 की पहली छमाही में 48 हज़ार 55 भूजल स्रोतों के*

*परीक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसके मुकाबले प्रदेश में 45 हज़ार 361 स्रोतों की जांच पूरी कर ली गई है। यह कुल लक्ष्य का 94 दशमलव तीन नौ प्रतिशत है। राज्यवार रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के बाद पंजाब दूसरे और आंध्र प्रदेश तीसरे स्थान पर है। यूपी जल निगम ग्रामीण प्रबंध निदेशक योगेश कुमार ने कहा कि भविष्य में भी प्रदेश में सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

——————————

**मथुरा में राधाष्टमी का पर्व कल श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर देश–विदेश से श्रद्धालुओं के मथुरा पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। कल भोर में राधारानी की पावन जन्मस्थली बरसाना श्री लाडली जी का मुख्य जन्मोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी संख्या के मद्देनज़र सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं। मथुरा एस.पी ,ग्रामीण सुरेश चंद रावत ने बताया, कि बरसाना क्षेत्र को सात जोन और 20 सेक्टर में बांटा गया है। जबकि 325 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके ज़रिए वरिष्ठ अधिकारी कंट्रोल रूम से आयोजन स्थल औऱ आसपास की निगरानी करेंगे। बाइट.....**

*इस बार दो रास्ते जो एक जो श्री जी गेट से कटारा पार्क होकर के सुदामा चौक तक जा रहा है और दूसरा रास्ता हम लोगों ने इस बार प्रारंभ किया है जो पीली कोठी से और यह लाडो गेट होकर के सुदामा चौक की तरफ जाएगा। इन दो रास्तों से श्रद्धालुओं को हम लोग प्रवेश कर रहे हैं। कुल 38 होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं और 11 प्रेशर पॉइंट है जहां पर हम लोगों ने तीन शिफ्ट में भारी पुलिस बल लगाया है।*

——————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने यूजीसी–नेट जून 2026 परीक्षा के तीन विषयों–अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र की अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी है। परीक्षार्थी इसे यूजीसी–नेट की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। इन विषयों की परीक्षा 9 और 10 सितंबर को देश के 272 शहरों में 454 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी।

(समाप्त)